## परचम लहराया

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी किये गये 12 वीं कक्षा विज्ञान, कला एवं वाणिज्य वर्ग के परिक्षा परिणाम में भुसावर क्षेत्र के होनहारों ने परचम लहराया है। कस्बा भुसावर में संचालित मॉडर्न जगदम्बा विद्यालय की बेटी मीनू कुमारी पुत्री रामवीर सिंह ने 97.20 प्रतिशत एवं कृष्णा शर्मा पुत्री बांके बिहारी शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर नाम रौशन किया है।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/BHARATPUR/TRUST/2026/171

चूंकि प्रार्थी श्री VIKAS BHARADWAJ, 60 WARD NO 14 PURANI SARI MANDI SEVA SINGH KI GALI KARAULI ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास डांग विकास संस्थान करौली GADKA KI CHOKI KE PASS, GANESH NARSURY SE AAGE, GRAM POST BARKHEDA TEHSIL & DISST. KARAULI के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 04.06.2026

मोहर अदालत

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, भरतपुर**


# स्काउट गाइड ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का किया भ्रमण

**करौली,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में स्काउट गाइड प्रकृति अध्ययन शिविर का आयोजन जिला स्काउट गाइड भवन में किया जा रहा है जिसके तहत स्काउट गाइड ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कर वहां की वनस्पति एवं नेशनल पार्क में आए हुए विदेशी पक्षी एवं देसी पक्षियों के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनको देखकर प्रसन्न एवं प्रफुल्लित हुए

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्धारित वार्षिक कार्यक्रम अनुसार एवं केंद्र सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार स्काउट गाइड प्रकृति अध्ययन शिविर का आयोजन 30 मार्च से 1 अप्रैल तक किया जा रहा है जिसके तहत स्काउट गाइड ने केवलादेव नेशनल पार्क का भ्रमण किया केवलादेव राष्ट्रीय अभ्यारण के लिए विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने निज निवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं यात्रा की शुभकामना दी सिटी पार्क पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता ने यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्काउट गाइड अनुशासन के साथ भ्रमण करें केवलादेव राष्ट्रीय अभ्यारण मे क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज शर्मा ने स्काउट गाइड को केवलादेव नेशनल पार्क में विदेश से माइठोट कर आने वाले पक्षियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की एवं बताया कि देश में यह एकमात्र पार्क है जिसमें 200 तरह के विदेशी पक्षी भ्रमण कर यहां पर सर्दियों में अपना वास करते हैं और गर्मी आते-आते वापस अपने देश को चले जाते हैं उन्होंने बताया इनमें अधिकांश पक्षी शाकाहारी होते हैं और जलीय वनस्पति से जीवन यापन करते हैं इसके अलावा यहां 175 तरह के देसी पक्षी निवास करते हैं जो मांस अधिकांश मांसाहारी होते हैं साथ ही यहां पर 27 तरह के सांप व अजगर भी पाया जाता है।

उन्होंने बताया यह पार्क पूर्णतया करौली के पांचना बांध के पानी पर निर्भर है इसका क्षेत्रफल 29 वर्ग किलोमीटर है जिसमें 11 किलोमीटर में पानी है यह नेशनल पार्क माइठोटेड बर्ड के लिए प्रसिद्ध है 1981 में इस अभ्यारण को नेशनल अभ्यारण के रूप में घोषित किया गया स्काउट गाइड ने यहां प्राचीन केवलादेव मंदिर के भी दर्शन किए। प्रकृति अध्ययन शिविर में प्रधानाचार्य भय सिंह मीणा लीडर ट्रेनर रामावतार शर्मा स्काउट मास्टर सुरेश चंद शर्मा गणेश चंद शर्मा राधा मोहन गुर्जर देवेंद्र कुमार शर्मा राजेश कुमार सारस्वत राजेश सिंह गुर्जर राज्यपाल पुरस्कार रोवर तेजस गिरी केशव प्रसाद शर्मा सूरज सिंह गुर्जर के नेतृत्व में 54 स्काउट गाइड भाग ले रहे हैं। सीओ स्काउट करौली के अनुसार इससे पूर्व प्रकृति अध्ययन शिविर के संभागीय के भारत पर पहुंचने पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त गिरिराज गर्ग ने स्वास्थ्य मंदिर आश्रम में स्वागत किया स्वास्थ्य मंदिर आश्रम के संचालक डॉक्टर वीरेंद्र अठावाल ने आश्रम में वृद्ध लोगों के रहने एवं वृद्ध आश्रम की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

## स्कूल का नाम रोशन किया

**गंगापुर सिटी ,** (निसं)। राज. मा. शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित 12 वी विज्ञान, कला एवं वाणिज्य वर्ग का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। जिसमें कुहू इंटरनेशनल विद्यालय निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि विज्ञान वर्ग में संजू प्रजापत पुत्र प्रीतम कुमार प्रजापत ने 95 प्रतिशत , वाणिज्य वर्ग में रेणु व्यास बगल ने 89.80 प्रतिशत एवं कला वर्ग में श्रेयांशी पचौरी ने 97.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होनें बताया कि विज्ञान वर्ग में 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर एवं कला वर्ग में 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सफल विद्यार्थियों में विज्ञान वर्ग में संजू कुमार प्रजापत 95 प्रतिशत, चंद्रिका शर्मा 93.80 प्रतिशत, हेमेंद्र योगी 92.60 प्रतिशत, शिवानी शर्मा 92 प्रतिशत, निधि वैष्णव 91.40 प्रतिशत, उपेंद्र सिंह 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# शिविर में 285 यूनिट रक्तदान

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर शहर की अग्रणी समाजसेवी संस्था भरतपुर बीट्स ने अपना 15वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें 285 यूनिट रक्तदान किया गया। बीट्स के संरक्षक जितेंद्र गोयल (ज्वाला) ने बताया कि बीट्स ने अपना 15वां विशाल रक्तदान शिविर किला परिसर स्थित टाउन हॉल में सुविधाजनक माहौल में आयोजित किया जिसका उद्घाटन जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के एस डी एम राहुल सैनी वी एस डी एम भारती गुप्ता ,भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा व गिरधारी तिवारी के साथ ही शहर के प्रमुख व्यवसाई अनिल अठावाल,राजकुमार तिलकधारी, राजा तनेजा, दीनदयाल गोयल,ओमप्रकाश सिंघल, कृष्णमुरारी अग्रवाल ने शिविर में रक्तवीरो का मनोबल बढ़ाया व शिविर में बीट्स परिवार को अपना आशीष देने पधारे अपना घर संस्था के संस्थापक बी एम भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में बीट्स परिवार को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि मानवता की सेवा में रक्तदान से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे जिला कलेक्टर ने कहा कि इंसान के पास रक्त का कोई अल्टरनेट अभी तक उपलब्ध नहीं है।

रक्त की आवश्यकता जितनी महत्वपूर्ण है उसकी आपूर्ति और उसके प्रयास उतने ही धन्यवाद के पात्र हैं। जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बीट्स परिवार की भूरी भरी प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले कितने ही समय से आर बी एम की ब्लड बैंक को भरतपुर बीट्स द्वारा समय समय पर रक्त उपलब्ध करवाया जा रहा है वो निश्चित ही सराहनीय है।

इस अवसर पर बीट्स के वरिष्ठ सदस्य नितिन चांदनी ने बताया कि बीट्स परिवार ने पिछले एक महीने से आज के आयोजन के लिए बहुत परिश्रम किया है,भरतपुर ने भी आज संस्था का बहुत साथ दिया और शिविर को सफल बनाया।

## महेश गुप्ता बने अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी,** (निसं)।थोक पदार्थ खाद्य एसोसिएशन की बैठक का आयोजन अध्यक्ष दीपक सिंहल की अध्यक्षता में किया गया जिसमें एसोसिएशन के सर्व सम्मति से चुनाव कराए जाने पर सहमति बनी। सभी सदस्यो ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर महेश गुप्ता सर्वेयर एवं उपाध्यक्ष सत्यनारायण खंडेलवाल, महामंत्री अमित कुमार गुप्ता (तारु), कोषाध्यक्ष श्याम रावत एवं मंत्री प्रशांत सिघल (बिट्टू), संगठन मंत्री अंशुल अग्रवाल( टोनी) एवं प्रचार मंत्री पुष्पेंद्र अग्रवाल (ऋषि) को निर्विरोध निर्वाचित किये गये।

## दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान

**भरतपुर,** (निसं)। कस्बा भुसावर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत शहर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक सेठ गूजरमल धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा व भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज उपस्थित रहे। अध्यक्षता शहर मण्डल अध्यक्ष धीरज पाण्डेय द्वारा की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए उनके आदर्शों, एकात्म मानववाद, अंत्योदय योजना, उनके साहित्य एवं जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और कार्यकर्ताओं को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। धीरज पांडेय मंडल अध्यक्ष ने पार्टी की रीति नीति व भजनलाल शर्मा द्वारा कराये गए विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

## सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारम्भ

**भरतपुर,** (निस)। श्री चिंताहरण हनुमान सेवा समिति (रजि0) मोरी चार बाग भरतपुर द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव 2026 के तीन दिवसीय कार्यक्रमों के तहत प्रथम दिन मोरी चार बाग भरतपुर स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर के प्रांगण में श्री भव्य सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन मुख्य यजमान सुनील गुप्ता ब्रज हनी एवं उनकी धर्मपत्नि नीतू गुप्ता द्वारा श्री राम दरबार की पूजा अर्चना पंडित केशवदेव शर्मा द्वारा कराई गई, पूजा में अध्यक्ष राकेश मित्तल एवं सचिव दाऊदयाल बंसल कुम्हेर वाले एवं संस्थापक अध्यक्ष राधाकृष्ण अप्पन, कोषाध्यक्ष शरद बंसल उपस्थित रहे।

उसके बाद बालाजी सुन्दरकाण्ड एण्ड पार्टी के द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड के पाठ का शुभारम्भ किया गया। सुन्दरकाण्ड पाठ में भारी संख्या में महिला एवं पुरूष सभी भक्तगणों ने सुन्दरकाण्ड के पाठ का वाचन करते हुए भावुक एवं उल्लास से झूमते हुए आनन्द लिया।

# कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की पुण्यतिथि मनाई

**भरतपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा गुर्जर छात्रावास भरतपुर पर जिलाध्यक्ष राजवीर घसौला की अध्यक्षता में स्व. कर्नल किरोडीसिंह बैंसला की चतुर्थ पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे। समाजसेवी बन्धुओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पितकी। इस अवसर पर वक्ताओं न कर्नल किरोडी सिंह बैंसला को नमन करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये गये।

जिलाध्यक्ष राजवीर घसौला ने कहा कि स्व. कर्नल किरोडीसिंह बैंसला के पदचिन्हों पर समाज को चलना चाहिए, उन्होंने समाज के लिए तीन बिन्दुओं पर चर्चा की और कहा कि अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, कर्जमुक्त समाज, शिक्षित बेटी की आवाज बुलन्द की और कहा कि गुर्जर समाज सदैव बैंसला का ऋणी रहेगा तथा उनके आदर्श और सिद्धान्तों सदियों तक समाज को दिशा देते रहेंगे। मुख्य वक्ता जसवंत दारापुरिया ने कहा कि समाज के प्रणेता, युग पुरूष, युग दृष्टा, समाज मसीहा, समाज चिंतक, महापुरूष, महानायक, विराट व्यक्तित्व के धनी व हम सबके आदर्श स्व0 कर्नल किरोडी सिंह बैंसला को आनी वाली पीढी सदैव याद रखेगी। उन्होंने कहा कि "तू चुप है लेकिन सदियों तक गूंजेगी आवाज तेरी, समाज को स्याह रात्रि में भी ढाढस देगी आवाज तेरी" आज हम हमारे उस संकल्प को भी दोहराते हैं कि हम सदैव आपके विचारों एवं स्वपनों को समाज समर्पित भाव से प्रसारित व स्वपालनार्थ आजीवन सद् प्रयास करते रहेंगे एवं सभी वक्ताओं ने बालक/बालिकाओं की शिक्षा पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे जिनमें बबली धाऊ, उदयसिंह पार्षद, शिवसिंह दायमा, सिया चौकीपुरा, शिवराम पहलवान, महेन्द्र सिंह, बल्लो पहलवान, जनक विधूडी, वीरेन्द्र सिंह बैरखो, गुलाब सिंह, बंटू सिंह, दीपचंद पटवारी, गोविन्द सिंह आदि मौजूद थे।

**डीग संवाददाता के अनुसार :** कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की पुण्यतिथि पर गुर्जर समाज डीग द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसकी अध्यक्षता कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं राजस्थान गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष परमेंद्र सिंह ने की जिसमें मुख्य अतिथि जिला पार्षद मोहनसिंह गुर्जर मौजूद रहे। मोहनसिंह गुर्जर ने कहा कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला राजस्थान के पिछड़े समाज के युग दृष्टा के रूप में माने जाएंगे। उनके नेतृत्व में एमबीसी समाज ने अपने हक और अधिकार की लड़ाई इतनी जोरदार ढंग से लड़ी आजादी बाद किए गए आंदोलनों के बाद सबसे बड़ा आंदोलन बना। एमबीसी समाज के हजारों नौजवान उनकी बदौलत कर्मचारी एवं प्रशासनिक कार्यों में सेवारत है। जिसकी वजह से पिछड़े समाज में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक चेतना का विकास हुआ है। जिससे सभी पिछड़े समाजों को राज्य की मुख्य धारा में आने का मौका मिले। आज हम सभी को ये संकल्प लेना चाहिए कि कर्नल बैंसला के बताए रास्ते पर चलकर सामाजिक कुरीतियों को त्याग कर बेहतरीन शिक्षा एवं बेहतरीन स्वास्थ्य का निर्माण कर कर्ज मुक्त समाज बनाने का प्रयास करे। कार्यक्रम के आयोजक युवा गुर्जर महासभा के अध्यक्ष मानसिंह उर्फ भप्पू परमदरा रहे। कार्यक्रम में रामजीत पटेल अध्यक्ष किसान यूनियन, कपिल परमदरा समाजसेवी, कप्तान परमदरा, राम चपराना ,भूरा नेवासी, कलुआ पहलवान परमदरा, लखन गुर्जर, विष्णु परमदरा, धर्मवीर गुर्जर अलीपुर, सहजराम आदि मौजूद रहे।


राजस्थान सरकार

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर राईस द्वारा संचालित

**राजकीय देवनारायण बालक आवासीय विधालय पीपर्रा (बयाना)**

E-Mail- dgbrspeeparra@rajasthan.gov.in

क्रमांकः सान्याअवि0/2026/ दिनांकः

**विज्ञप्ति**

श्रीमान अति0 निदेशक महोदय, राईस सान्याअवि. जयपुर के पत्रांक एफ1()()स्था./राईस/गैस्ट फैकल्टी /2022/ई-01965 दिनांक 17.03.2026(राजकाज रेफरेंस नं. 20951949) की अनुपालना में राईस जयपुर के नियन्त्राधीन संचालित स्थानीय विधालय के सुचारू रूप से संचालन के लिए विधा संबल योजना के अंतर्गत व्याख्यात पद-06{जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित , रसायन विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी (Qualification -PG in relevant Sub. With B.ED.)}, वरिष्ठ अध्यापक पद-02{सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत (Qualification- UG in th relevant Sub. With B.ED. )}अध्यापक लेवल-2 पद-03{हिन्दी, अंग्रेजी, गणित-विज्ञान, (Qualification- UG in th relevant Sub. With B.ED. AND REET Qualify according state gov. rule )} और प्रयोगशाला सहायक पद-03 (Qualification -12th Pass with Physics, chemistry, Biology.) एवं शारीरिक शिक्षक ग्रेड ।। पद -01(Qualification -UG in the relevant Sub. With B.P.ED.) के लिए पात्रता रखने वाले सेवानिवृत कार्मिकों/निजी अभ्यर्थियों से वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांकः- प-6(2)वित्त/सा.वि.ले.नि/2021 जयपुर दिनांक 30.03.2021 (अद्यतन) में वर्णित दरों पर बजट उपलब्धता की शर्तों के अध्याधीन गैस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन पत्र दिनांक 05.04.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदनकर्ताओं का चयन (चयन पूर्णतः अस्थायी) विभागीय नियमानुसार चयन समिति द्वारा किया जावेगा। जो कि अंतिम और सर्वमान्य होगा। विधालय में रिक्त पद विभाग द्वारा भरे जाने पर यह व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जावेगी। चयनित आवेदनकर्ता को अधोहस्ताक्षरकर्ता के समस्त आदेशों की पालना करनी होगी।

नोटः- पदों में कमी या वृद्धि का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा। आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

(संतोष कुमार जैन)
प्रधानाचार्य
राजकीय देवनारायण बालक आवासीय विधालय
पीपर्रा, बयाना



# BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

**Programmes offered**

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Comp. Sc./IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design) | M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
BCA/BCA Hons./BCA Hons.(AI/Data Analytics)$/ BCA Hons. with Research (AI/Data Analytics)$
M.Sc. (Computer Science) | M.Sc. (Physics)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
MCA/PGDCA

**ARCHITECTURE & PLANNING**
B.Arch.+

**LAW**
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology) | B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, MPA#, BPA#
B.V.A. Painting#

**AVIATION**
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

**DESIGN**
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

**EDUCATION**
ITEP B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle), B.Ed., M.Ed.

**HOME SCIENCE**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to Approved

LAST DATE FOR APPLICATION **30 April, 2026**

**SCHOOL EDUCATION DIVISION**
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

**Enquiries can be made at**
- For general enquiry: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

**How to Apply**
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

**Scholarships**
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

**BANASTHALI VIDYAPITH**
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE World University Rankings 2025
nirf All India Rank
QS University Rankings Asia